


दैनिक

पटना, 26 मई, शुक्रवार, 2023


# राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा में जनता की आवाज़ सुनने का जो सिलसिला शुरू किया है, वह अनवरत जारी है















इंजीनियर मोहिउद्दीन खान
संवाददाता। कांग्रेस दर्पण



कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी बेबाकी के लिए ही नहीं बल्कि अनोखे अंदाज के लिए भी मशहूर हो चुके हैं. आम लोगों के बीच पहुंचने का उनका अंदाज जुदा है. राहुल कब, कहां, किन लोगों के बीच पहुंच जाएं, कहा नहीं जा सकता.

इस बार उन्होंने दिल्ली से चंडीगढ़ तक ट्रक यात्रा की. राहुल गांधी ने ट्रक ड्राइवर्स से उनकी समस्याएं जानीं. इससे पहले राहुल ने भारत जोड़ो यात्रा में भी लोगों की तकलीफों को सुना था. वे दिल्ली में स्टूडेंट्स से मिलने पहुंचे तो कर्नाटक में डिलीवरी बॉय से भी मिले.

### बैंगलुरु में राहुल गांधी ने की थी बस की सवारी की थी

गौरतलब है कि राहुल गांधी इससे पहले बस और स्कूटर पर भी आम लोगों के बीच सफर कर चुके हैं. राहुल गांधी ने 8 मई को बस पर सफर किया था. दरअसल कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला था और उससे दो दिन पहले राहुल गांधी ने बस की सवारी की थी. बैंगलुरु मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन की बस पर यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने आम लोगों से भी बात की थी.

राहुल गांधी ने इस दौरान बस स्टॉप पर छात्रों और कामकाजी महिलाओं से बातचीत की थी और किसी भी सरकार से उनकी अपेक्षाओं को जानना चाहा था. राहुल गांधी ने इस दौरान अपनी पार्टी के घोषणापत्र को लेकर भी सीधे आम लोगों का रिएक्शन जानना चाहा था.

### इससे पहले स्कूटर पर भी दिखे थे राहुल गांधी

कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान ही राहुल गांधी बैंगलुरु में स्कूटी पर दिख चुके थे. एक डिलीवरी बॉय के पीछे बैठककर सफर का आनंद लिया और लोगों के बीच पहुंचे, उनसे बातचीत की.राहुल गांधी कभी किसानों के बीच तो कभी छात्रों के बीच पहुंचने के लिए मशहूर हो चुके हैं. उन्होंने पिछले साल 7 सितंबर से भारत जोड़ो यात्रा की थी. इस दौरान राहुल गांधी आम लोगों के बीच पहुंचे और उनसे सीधी बात की थी.

दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजी मैन्स हॉस्टल के छात्र उस वक्त हक्के बक्के रह गए, जब राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर उनके बीच पहुंच गए। वह घंटो से ज्यादा समय तक पीजी मैन्स में रहे और छात्रों के साथ बैठकर खाना खाया। इस दौरान उन्होंने छात्रों के साथ पढ़ाई, रोजगार, बेरोजगारी से संबंधित विषयों पर बातचीत की।

दिल्ली विश्वविद्यालय के नार्थ कैंपस स्थित पीजी मैन्स हॉस्टल में मेस में बैठे छात्रों के बीच अचानक राहुल गांधी पहुंच गए। अपने बीच राहुल गांधी को देखकर जहां छात्र हैरान हुए वहीं उनमें उनसे मिलने और बात करने को लेकर गजब का उत्साह देखने को मिला।

दरअसल राहुल गांधी लोगों के बीच पहुंचकर उनके मन की बात जानना चाहते हैं क्योंकि उन्हें देश की आम जनता की फिक्र है. राहुल गांधी पिछले एक सालो से इन्ही लोगो के बीच इनकी परेशानी सुन रहे है क्योंकि आज की तारीख में आम जनता की कोई सुन नहीं रहा है, केवल अमीरों की सुनी जा रही है.

# कांग्रेस के सशक्त नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह को कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

**जिला में नए अध्यक्षों की नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को नेताओं ने दी बधाई**

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

पटना.

कल देर रात बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति सम्बन्धी सूची जारी हुई जिसके बाद आज बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष द्वय सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह और बिहार कांग्रेस प्रभारी भक्तचरण दास को शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

बताते चले कि नए प्रदेश अध्यक्ष के नियुक्ति के बाद से ही नई कमिटी को लेकर लगातार अटकलें लगाई जा रही थी और ऐसे में बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष के फैसले पर केंद्रीय आलाकमान की मुहर से 2024 में कांग्रेस को मजबूती मिलने के आसार हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, शीर्ष नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और बिहार के प्रभारी भक्तचरण दास को शुभकामनाएं देने वालों में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रजेश पाण्डेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन



राजेश राठौड़, निर्मल वर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, सुबोध कुमार, आनन्द माधव, असित नाथ तिवारी, आलोक हर्ष, अजय चौधरी, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, शशि रंजन, ज्ञान रंजन, शारिफ रंगरेज, अनुराग चन्दन, मिर्णाल अनामय, सुधा मिश्रा, उमेश कुमार राम, राजीव मेहता, समीम अख्तर, अभय जयसवाल, निधि पाण्डेय, रूमा सिंह, फिरोज हसन सहित कई नेतागण प्रमुख हैं।

**राजेश राठौड़**
**चेयरमैन, मीडिया विभाग**
**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी**

# दुबारा अध्यक्ष बने शशि रंजन एवं उनके समर्थकों ने पूरे दिन कार्यालय आये लोगों के बीच मिठाइयाँ बांटी

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा राज्य के सभी जिलों के जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा के बाद कांग्रेस में जश्न का माहौल है। बुधवार की देर शाम सूचि जारी होने के बाद गुरूवार को प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में पूरे दिन जश्न का माहौल रहा। पार्टी कार्यालय में पटना महानगर का दुबारा अध्यक्ष बने शशि रंजन एवं उनके समर्थकों ने पूरे दिन कार्यालय आये लोगों के बीच मिठाइयाँ बांटी। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्षों को बधाई देने के लिए कार्यकर्त्ताओं की भीड़ जुटी रही।


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा० अखिलेश प्रसाद सिंह, सांसद ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी जिम्मेदारियों का भी एहसास करवाया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रजेश पाण्डेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, निर्मल वर्मा, ब्रजेश प्रसाद मुनन, लाल बाबू लाल, आनन्द माधव, असित नाथ तिवारी, आलोक हर्ष, अजय चौधरी, सेवादल के डॉ. संजय यादव, शारिफ रंगरेज, अनुराग चन्दन, मिर्णाल अनामय, सुधा मिश्रा, उमेश



कुमार राम, राजीव मेहता, समीम अख्तर, अभय जयसवाल, निधि पाण्डेय, रूमा सिंह, फिरोज हसन मौजूद रहे।

**असित नाथ तिवारी**
**प्रवक्ता**
**बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी**




## आवश्यक सूचना

**भारत रत्न एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की 27 मई 2023 को पुण्यतिथि है।**

**अतः तमाम कांग्रेस सेवादल /महिला सेवादल एवं यंग ब्रिगेड सेवादल के साथियों से आग्रह है कि वह आपने अपने जिला मुख्यालय एवं प्रदेश मुख्यालय में अपने पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित करें !**

**धन्यवाद**
**अफरोज खान**
**बिहार प्रभारी**
**कांग्रेस सेवादल बिहार**

# कांग्रेस पार्टी के जहानाबाद और अरवल के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव दी बधाई

## नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति पार्टी को और मजबूती प्रदान करेगा

पटना।कांग्रेस दर्पण

बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य एवं जाने माने शिक्षाविद् डॉ चंद्रिका प्रसाद यादव ने कांग्रेस पार्टी द्वारा जहानाबाद के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा एवं अरवल जिले के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष श्री धनंजय शर्मा को बधाई दी है। उन्होंने इस बाबत कहा कि अरवल के जिला अध्यक्ष धनंजय शर्मा का पूर्व का कार्यकाल भी सराहनीय रहा है, वहीं दुबारा पार्टी द्वारा उन्हें मौका दिए जाने से अरवल में पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी। वहीं जहानाबाद के जिला अध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा की नियुक्ति के मद्देनजर उन्होंने कहा कि श्री शर्मा के जुझारूपन से पूरा जहानाबाद चिर



परिचित है।। चाहे जनता से जुड़े जो भी मुद्दे रहे हों, गोपाल शर्मा हमेशा ही इसके लिए अगली पंक्ति में खड़े रहे हैं।। ऐसे जुझारू व्यक्तित्व को कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष बनाया जाना अत्यंत ही सराहनीय है। श्री यादव ने कहा कि गोपाल शर्मा जी को जिला अध्यक्ष के रूप में पार्टी द्वारा नियुक्त किए जाने से जहानाबाद में पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी।। उन्होंने उम्मीद जताई कि पार्टी की इस नई टीम से आने वाले लोकसभा चुनाव में फिरकापरस्त ताकतों को शिकस्त दिया जायेगा।। बधाई देने वालों में कांग्रेस सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय कुमार, कांग्रेस दर्पण के कार्यकारी संपादक शिशिर कौण्डिल्य, राज छवि राज,बबलू शर्मा आदि लोग प्रमुख थे।।

## बिहार प्रदेश कांग्रेस के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बिहार प्रदेश कांग्रेस के सभी नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।बिशेष लखीसराय जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष बनने पर अमरेश कुमार अनीश जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हमारे नेता श्री राहुल गाँधी जी, श्रीमती सोनिया गांधी जी , बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी को धन्यवाद एक मेहनती,कर्मठ, कार्यक्रता को जिला अध्यक्ष बनाये हमे विशवास है इन सभी के आशाओं पर खड़ा उतरेगें सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ लेकर चलेगें कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगें।इनके नेतृत्व कांग्रेस पार्टी लखीसराय में एक नये आयाम स्थापित करेंगें।

बधाई देने वाले में अनील कुमार सिंह, संजीव कुमार, अलख सिंह, प्रो मिथलेश सिंह, अजय कुमार, प्रभात कुमार पूर्व जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, अभीलेख कुमार झा अध्यक्ष सुर्यगढ़ा विधानसभा युवा कांग्रेस, कुंदन झा, तुफानी पासवान, मनीष कुमार, मणीकांत पासवान,दशरथ महतो

ज्ञान गौरव सिंह
अध्यक्ष
बड़हिया प्रखंड कांग्रेस कमिटी

## दरभंगा: सीताराम चौधरी को एकबार पुन: जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर ज़िले के कांग्रेसियों मे खुशी लहर



दरभंगा:25 मई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री सीताराम चौधरी को एकबार पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर ज़िले के कांग्रेसियों मे खुशी लहर दौड़ गई है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट सह ज़िला कांग्रेस प्रवक्ता मो असलम ने पार्टी के फैसले का स्वागत करते हुए पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति साधुवाद एवं आभार जताया है। मो. असलम ने कहा कि श्री चौधरी के नेतृत्व मे चल रही ज़िला कांग्रेस पार्टी काफ़ी मज़बूती से काम कर रही थी। और अब एकबार पुन कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी के नेतृत्व मे नए जोश व उत्साह के साथ काम करेंगे। इस मौके पर उन्हें बधाई देने वालों मे डॉ नागेश्वर पंजियार, अधिवक्ता अंबर ईमाम हाशमी, पुर्व मेयर अजय कुमार जालान, जीवन झा, अखिलेश कुमार चौधरी, रामपुकार चौधरी, रेयाज अली खां, परमानंद झा, प्रदेश प्रतिनिधि श्रीमती प्रतिभा सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती पूनम झा, मनोज झा, दयानंद पासवान, कमलाकांत चौधरी बाबा, मो. चांद, मो.लूतफुर रहमान, उदितनारायन चौधरी, विजयकांत झा बुलेट, शंभू झा, संतोष श्रीवास्तव नसीम हैदर, सैय्यद तनवीर अनवर, मो अंसार हसन, शुशील कुमार सिंह, अमरेंद्र कुमार अमर, मो सरफराज अनवर, अकबर खान, प्रो. मिथिलेश राय, बसंत झा, आदि नेताओं ने बधाई दिया है।

भवदीयः
मो. असलम, ज़िला प्रवक्ता कांग्रेस कमेटी।



# अभय कुमार सिंह सार्जन को बेगूसराय जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई

## बेगूसराय

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

बेगूसराय जिला कांग्रेस के आन -बान -शान जनप्रिय नेता अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के डेलीगेट बेगूसराय मटिहानी विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अभय कुमार सिंह सार्जन को बेगूसराय जिला कांग्रेस अध्यक्ष निर्वाचित होने पर ' राष्ट्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे कांग्रेस नेत्री श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी बिहार प्रभारी पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री भक्त चरण दास बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री राज सभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह को मटिहानी काँग्रेस कमिटी की ओर से बहुत.बहुत बधाई एवम ढेर सारी शुभकामनाएं गाँधी आश्रम बेगूसराय पहुंचकर, चादर, माला, गुलदशता भेंट कर देने वालों में मटिहानी प्रखंड अध्यक्ष रामानुज कुँवर, पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह, सुबोद कुमार, पूर्व जिला सचिव रणजीत



कुमार मुखिया जी, अल्पसंख्यक नेता मो. मतीन, सीनियर नेता राजदेव सिंह, रामचन्द्र सिंह चाँदगी राम, अनिल राउ, रामपुकार राय, पूर्व पंसस अशोक सिंह, युबा नेता विक्रम कुमार, गौतमन कुमार, राहुल राय, अजित कुमार, किसान नेता अवनीश कुमार मौजूद रहे।

# आवश्यक सूचना

बंधुओं,

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह जी के निर्देशानुसार सूचित करना है, कि दिनांक- 28 मई 2023 को समय 11ः 30 बजे दिन में खगड़िया जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा एक आवश्यक बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय खगड़िया में आहूत की गयी है, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा दिनांक- 03 जून से 29 जून 2023 तक लगातार पुरे बिहार में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी परिपेक्ष में खगड़िया जिला के सभी प्रखंडों/नगर परिषद में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिसमें प्रत्येक प्रखंड/नगर से 2-2 कांग्रेसी का चयन कर प्रशिक्षण शिविर में भाग लेना है तथा संगठन की मज़बूती पर परिचर्चा होगी।

अतः खगड़िया जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, प्रदेश प्रतिनिधियों, प्रखंड अध्यक्षों एवं सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों बैठक अवश्य भाग लेने का कष्ट करेंगे।

शुभकामनाओं सहित।

भवदीय

अरुण कुमार अधिवक्ता,

प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी,

जिला कांग्रेस कमिटी, खगड़िया।

# कंचना सिंह के मनोनयन पर शुभकामनाएं

अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे के निर्देशानुसार राष्टीय महामंत्री के सी वेणुगोपाल जी के द्वारा डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष के अनुसंशा पर बाँका जिला कांग्रेस कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष पद पर पूर्व विधायक प्राचार्य स्व निलमोहन सिंह के पुत्रवधू एवं अमरपुर विधानसभा के कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी श्री राकेश कुमार सिंह की पत्नी श्री मति कंचना सिंह के मनोनयन पर जिला कांग्रेस कमिटी ओबीसी एवं सोशल मीडिया बाँका के अध्यक्ष श्री सुरेश प्रसाद यादव ने अपने सभी सहयोगियों के साथ शुभकामनाएं दी। एवं आशा व्यक्त किया कि श्री मति कंचना सिंह जी के कुशल नेतृत्व में बाँका जिला कांग्रेस में नये उत्साह का संचार होगा एवं पार्टी सशक्त होगी।इन्ही शुभकामना के साथ - सुरेश प्रसाद यादव, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमिटी बाँका सह सोशल मीडिया प्रभारी।

# जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी

**जननायक श्री राहुल गांधी जी के इस मांग पर उनकी आवाज़ बुलंद करने के लिए आज पूर्व सांसद चन्द्रजीत यादव जी की पुण्यतिथि पर प्रदेश मुख्यालय में 'जातीय जनगणना कराओ, आरक्षण बढ़ाओ सम्मेलन' आयोजित हुआ।**

**जिसमें प्रदेश भर के पिछड़े वर्ग के तमाम कांग्रेस नेताओं ने शिरकत की और इस मांग को पूरे दमखम से उठाने का संकल्प लिया।**




# अरविंद कुमार मुकुल जी पुनः मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मनोनीत



मुजफ्फरपुर, मीनापुर दिनांक 25/05/2023 बृहस्पति वार को प्रखण्ड कांग्रेस कमिटी मीनापुर के अध्यक्ष अजित कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुजफ्फरपुर जिला के क्रर्मठ, संघर्षशील, जुझारू नेता श्री अरविंद कुमार मुकुल जी को पुनः मुजफ्फरपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मनोनीत किय जाने के लिए केन्द्रीय नेतृत्व अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सम्मानित अध्यक्ष श्री मलिकार्जुन खडगे साहब, पुर्व अध्यक्ष सोनिया गाँधी जी, राहुल गाँधी जी, राष्ट्रीय कांग्रेस के जेनरल सिकेट्री के सी वेणुगोपाल जी, एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष, राज्य सभा के सदस्य डा अखिलेश प्रसाद सिंह जी को धन्यवाद देते हुए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बनने पर श्री अरविंद कुमार मुकुल जी को ढेर सारी बधाई दिया है।

और कहा कि हम सभी कांग्रेसी नेताओ को पुर्ण विश्वास है कि श्री मुकुल के संरक्षण मे कांग्रेस पार्टी और मजबूत होगी।बधाई देने बालो मे अजित कुमार सिन्हा, मीनापुर के वरिष्ठ कांग्रेसी अरुनेन्द्र कुमार सिंह, राम किशोर सिंह, लालबाबु सिंह, राधे कृष्ण पटेल, बिहार प्रदेश कांग्रेस के मीनापुर से प्रतिनिधि लोक क्रांति उर्फ चीची यादव, ओ बी सी प्रदेश महा सचिव संजय कुमार, पुर्व प्रखण्ड अध्यक्ष सुल्तान अहमद खान, प्रखण्ड कांग्रेस के उपाध्यक्ष , संजीव कुमार सिंह, वीरेंद्र कूमार पंडित, विजय कुमार, अर्जुन कुशवाहा, विजय कुमार यादव, कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ मीनापुर के अध्यक्ष, रविशंकर राय, बिलास राय, प्रखण्ड के सचिव, रहमत खान, सतार अंसारी , आदि दर्जनों नेता गण।





प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह सांसद ने पूर्व मंत्री शिवानन्द तिवारी के पटना स्थित आवास पर जाकर उनके शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी। हाल ही में श्री तिवारी की पत्नी विमला तिवारी का लम्बी बीमारी के बाद निधन हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि दिवंगत विमला तिवारी सिर्फ एक सामान्य घरेलु महिला नहीं थीं बल्कि समाजवादी विचारधारा का पोषक भी थीं। स्वर्गीय विमला तिवारी अपने घर गये राजनेताओं से राजनीतिक विचारधाराओं पर विमर्श भी करती थी। उनके निधन से शिवानन्द तिवारी जी समेत उनके तमाम परिचितों को गहरा धक्का लगा है।

इस अवसर पर डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह जी के साथ कांग्रेस के विधायक विजेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक बंटी चौधरी, लाल बाबू लाल, आलोक हर्ष, रीता सिंह, मिर्नाल अनामय उपस्थित थे।

# ‘सार्जन बाबू के जिला अध्यक्ष रहते बेगूसराय जिला में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत हुआ’





**संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण**

अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के द्वारा बिहार के सभी जिला में कांग्रेस जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसमें बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष पद पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभय कुमार सिंह उर्फ सार्जन सिंह को नियुक्त होने पर बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूर्व में भी सार्जन बाबू के जिला अध्यक्ष रहते बेगूसराय जिला में कांग्रेस पार्टी काफी मजबूत हुआ था।जिसका परिणाम था कि बेगूसराय जिला से कांग्रेस पार्टी के दो विधायक बिहार विधानसभा पहुंचे थे।

हमलोगों को पूर्ण विश्वास है कि आप अपने कुशल नेतृत्व में फिर से अथक मेहनत कर बेगूसराय जिला में कांग्रेस परिवार की खोई हुई प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित कर एक नए उर्जा से मजबूत आयाम को स्थापित करेंगे एवं कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर आने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी सम्मानित साथियों को एकजुट कर कांग्रेस की जीत दिलाने में सफल होंगे।

इनके जिला अध्यक्ष बनने से पूरे जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश एवं उत्साहित हैं।


इस दौरान उन्होंने सार्जन सिंह को जिला अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को धन्यवाद दिया।

नए अध्यक्ष को भगवानपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष यशवंत चौधरी, पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय, पूर्व जिला पार्षद राम स्वार्थ साह, मंडल अध्यक्ष इन्द्रदेव राय, युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष उमेश दास, अतिपिछड़ा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष शंकर शर्मा, पूर्व प्रमुख लाल बाबू पासवान,नरेश राय,राम प्रकाश साह,मो युनीश, जयप्रकाश सिंह, पूर्व मुखिया रामबाबू तांती, नंदलाल राय, पूर्व मुखिया रविन्द्र राय आदि ने भी बधाई दिया।




**क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी रास बिहारी बोस को उनकी जयंती पर शत शत नमन।**

**गदर विद्रोह और INA के प्रमुख आयोजकों में से एक, उन्होंने जापान में इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की नींव रखी। राष्ट्र के लिए उनके असंख्य योगदानों के लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं।**




**देश की आजादी के लिए गदर आंदोलन के क्रांतिकारी एवं आजाद हिंद फौज के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले, महान क्रांतिकारी श्री रासबिहारी बोस जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।**

**उनके महान योगदान के लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।**

**माननीय कांग्रेस अध्यक्ष श्री Mallikarjun Kharge जी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के जिला कांग्रेस के अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार अनुमोदित किया है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं। आप सभी के नेतृत्व में पार्टी बिहार में एक नए आयाम को स्थापित करेगी।**

BHARAT JODO YATRA

Phone: (O): 011-23019320
011-23019080
E-mail: kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website: www.inc.in

## ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. Venugopal, M.P.
*General Secretary*

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011

24th May, 2023

**PRESS RELEASE**

Hon'ble Congress President has approved the proposal for the appointment of Presidents of various District Congress Committees in the Bihar Pradesh Congress Committee, as follows, with immediate effect.

| | | |
|---|---|---|
| 1. West Champaran | - | Shri Bharat Bhushan Dubey |
| 2. East Champaran | - | Shri Er. Shashi Bhushan Rai |
| 3. Muzaffarpur | - | Shri Arvind Mukul |
| 4. Sitamarhi | - | Shri Kamlesh Kumar Singh |
| 5. Gopalganj | - | Shri Om Prakash Garg |
| 6. Madhubani | - | Shri Manoj Mishra |
| 7. Darbhanga | - | Shri Sita Ram Choudhary |
| 8. Samastipur | - | Shri Abu Tameem |
| 9. Saharsha | - | Shri Mukesh Jha |
| 10.Supaol | - | Shri Vimal Yadav |
| 11.Madhepura | - | Shri Satendra Kr. Yadav |
| 12.Araria | - | Shri Zakir Hussain |
| 13.Purnia | - | Shri Neeraj Singh |
| 14.Kishanganj | - | Shri Imam Ali |
| 15.Katihar | - | Shri Sunil Yadav |
| 16.Bhagalpur | - | Shri Pravej Jamal |
| 17.Banka | - | Smt. Kanchana Singh |
| 18.Munger | - | Dr. Ajay Singh, Mla |
| 19.Lakhisarai | - | Shri Amreesh Kumar Anees |
| 20.Sheikhpura | - | Shri Saryajeet Singh |
| 21.Jamui | - | Shri Rajendra Singh |
| 22.Begusarai | - | Shri Abhay Kumar Sarjant |
| 23.Nalanda | - | Shri Ravi Jyoti |
| 24.Patna Mahanagar | - | Shri Shashi Ranjan |
| 25.Patna Rural-1 | - | Shri Sumit Kumar Sunny |
| 26.Patna Rural-2 | - | Shri Raghunandan Paswan |
| 27.Bhojpur | - | Shri Ashok Ram |
| 28.Buxar | - | Dr. Manoj Kumar Pandey |

BHARAT JODO YATRA


Phone: (O): 011-23019320
011-23019080
E-mail: kcvenugopal.org@gmail.com
kcvenugopal.in@gmail.com
Website: www.inc.in

ALL INDIA CONGRESS COMMITTEE

K.C. Venugopal, M.P.
General Secretary

24, AKBAR ROAD,
NEW DELHI-110 011


| | | |
|---|---|---|
| 29.Rohtash | - | Shri Kanahaya Singh |
| 30.Kaimur | - | Shri Sunil Kushwaha |
| 31.Gaya | - | Dr. Gagan Kumar Mishra |
| 32.Jahanabad | - | Shri Gopal Sharma |
| 33.Arwal | - | Shri Dhananjay Sharma |
| 34.Aurangabad | - | Shri Rakesh Kumar Singh Silar |
| 35.Nawada | - | Shri Satish Kumar |
| 36.Saran | - | Shri Ajay Kumar Singh |
| 37.Vaishali | - | Shri Manoj Shukla |
| 38.Siwan | - | Shri Bidu Bhushan Pandey |
| 39.Sheohar | - | Smt. Noori Begum |

(K.C. Venugopal)



मध्य प्रदेश के किसानों को प्याज का दाम 25 पैसे प्रति किलो मिल रहा है।

खंडवा जिले के एक किसान ने कई क्विंटल प्याज फ्री में बांट दी, क्योंकि मंडी में प्याज की ढुलाई का दाम भी नहीं निकल रहा था।

प्रदेश के कई हिस्सों में किसानों ने अपनी उपज नालों में या सड़क पर फेंक दी या खेत में ही पशुओं को खिला दी।

महाराष्ट्र के बीड में एक किसान ने 300 किग्रा प्याज बेची और व्यापारी को 986 रुपए अपनी जेब से दिए।

खेतों में अपना खून-पसीना बहाने वाले किसानों के साथ ये क्रूरतापूर्ण मजाक करने वाली भाजपा सरकार कह रही है कि उनकी सरकार ने किसानों की आय दोगुनी कर दी है।

किसानों के साथ ऐसा छल करने वाली किसान-विरोधी भाजपा सरकार को इस देश का किसान ही सबक सिखाएगा।

श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा




भारत और उसकी संस्थाओं पर हो रहे हमले के खिलाफ लड़ाई सारे देश को साथ लेकर लड़ेंगे।

ये लड़ाई भारत को बचाने की है, संस्थाओं को बचाने की है.. आइए, इस लड़ाई को एकजुट होकर लड़िए।



आज ही के दिन 2013 में छत्तीसगढ़ के झीरम घाटी में हुए नक्सली हमले में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं सुरक्षा जवान शहीद हो गए थे।
हम अपने साथियों व जवानों की देशभक्ति, वीरता और जज्बे को नमन करते हैं।
उनकी शहादत हम कभी नहीं भूलेंगे। शहीदों को सादर नमन।
श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा

मोदी सरकार करोड़ों भारतीयों को जबरदस्ती फोर्टिफाईड चावल खिला रही है।

बिना किसी रिसर्च और कंसल्टेशन के जाने कि यह चावल लोगों के लिए हानिकारक तो नहीं !

2021 से 2023 तक 138 लाख टन फोर्टिफाईड चावल पूरे देश में बंट चुका है और लोग खा रहे हैं।

---

मास्टर साहब के जो मास्टर स्ट्रोक आ रहे हैं उससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खेला जा रहा है। झारखंड के एक जिले में थेलेसिमिया की बीमारी बहुत ज्यादा है। वहां, फोर्टिफाईड चावल पहुंच गया और लोग इसे खाते रहे, बिना इस जानकारी के कि इससे उनको नुकसान हो सकता है।

: Pawan Khera जी

# फिर से जिलाध्यक्ष बने डॉ धनंजय शर्मा को बधाई : निसार अख्तर अंसारी



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

अरवल जिला कांग्रेस कमेटी के तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अरवल कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष डॉ धनंजय शर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं. जिलाध्यक्ष बनायें जानें की खबर सुनते ही अरवल के कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई.

जिला कांग्रेस के कोषाध्यक्ष एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी, उपाध्यक्षगण कामेश्वर शर्मा, प्रो मदन यादव, मोहिउद्दीन अंसारी, प्रवक्ता मो जावेद अख्तर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय कुमार सिंहा, नईम अंसारी, अरूण कुमार भारती, लालमणी भारती, सेजाम खान, इसलाम अंसारी, नुरैन जौहर, भोलानाथ गोस्वामी, खुर्शीद आलम, सुरेंद्र यादव, हाजी इसलाम अंसारी, अमन मुस्तफा, प्रिंस अख्तर, कृष्णमुरारी कुमार, गोलू शर्मा, जयजीत कुमार, इमरान खान, ने लगातार तीसरी बार अरवल कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राष्ट्रीय और सर्वमान्य नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, प्रदेश प्रभारी.

का इसके लिए अभार प्रकट करतें हैं, कांग्रेस पार्टी प्रदेश प्रतिनिधि एडवोकेट निसार अख्तर अंसारी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने हर तरह से योग्य, संघर्षशील, संगठन संचालन में परिपुर्ण, अरवल जिले में कांग्रेस पार्टी को उंचाई तक पहुंचाने वाले मृदुभाषी डॉ धनंजय शर्मा को फिर से जिले का कमान देकर जिला कांग्रेस को बिस्तारित और संगठित रहने के प्रति न्याय किया है.

डॉ धनंजय शर्मा अपने नेताओं के बिश्वास पर खरा उतरेंगे. पार्टी को जिले में और मजबूत करेंगे,अरवल जिला कांग्रेस का कार्यालय श्रीकृष्ण आश्रम भी आज गर्व कर रही होगी कि उन्हें बनाने वाले पुनः अध्यक्ष बनें है, अरवल में हर ओर खुशी ही नजर आ रही है.

डॉ धनंजय शर्मा को भी तीसरी बार अध्यक्ष बनने पर बधाई दे रहे है.

# झारखंड: स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान बेरमो जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

पूर्व मंत्री मज़दूरों के मसीहा इंटक के राष्ट्रीय महासचिव, हमारे अभिभावक आदरणीय स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर उनके निवास स्थान बेरमो जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

इस अवसर पर राजेंद्र बाबू के सपनों को साकार करने के लिए स्कूलों को कम्प्यूटर दिया गया ।

इस अवसर पर उनके दोनों सुपुत्र विधायक कुमार जयमंगल सिंह, कुमार गौरव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुखदेव भगत, कार्यकारी अध्यक्ष शादजादा अनवर, अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष श्री मंजूर अंसारी, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव श्री विनय सिन्हा दीपू, सोशल मीडिया के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह. इंटक के उपाध्यक्ष श्री एके झा, बोकारो ज़िलाध्यक्ष श्री उमेश गुप्ता समेत हज़ारों कांग्रेस जन उपस्थित थे।



**इस अमृतकाल में बच्चों को, गरीबों को, 80 करोड़ लोगों को फोर्टिफाईड चावल के नाम पर विष दिया जा रहा है और इसे अमृतकाल बताया जा रहा है।**

**ढट मोदी के मन में क्यों आया कि अब फोर्टिफाईड चावल खाया जाए?**

**इसका जवाब नीदरलैंड की कंपनी Royal DSM से मिलेगा।**

**: Pawan Khera जी**

# पूर्व मंत्री डॉ गरासिया ने नांदेशमा महंगाई राहत कैंप का किया निरीक्षण

## हर व्यक्ति को हो कैंप की जानकारी, मिले योजनाओं का लाभ-डॉ गरासिया

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

उदयपुर 25 मई। पूर्व मंत्री डॉ मांगी लाल गरासिया ने गुरुवार सुबह गोगुंदा उपखंड के नांदेशमा ग्राम पंचायत में आयोजित महंगाई राहत कैंप का अवलोकन किया और कई लाभार्थियों से मिले। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित लाभार्थियों से योजनाओं को लेकर बातचीत की। लाभार्थियों ने स्वयं डॉ गरासिया को बताया कि मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की बदौलत एक ही छत के नीचे उन्हें कई योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है। लोगों की जागरुकता देख डॉ गरासिया ने प्रसन्नता जाहिर की और लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान डॉ गरासिया ने महंगाई राहत कैंप के अलग-अलग स्टॉल का निरीक्षण किया एवं यहां काम कर रहे कर्मचारियों से भी बात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जब भी कोई व्यक्ति आपके पास पंजीकरण के लिए आए तो उन्हें हर योजना के बारे में समझाएं। हर व्यक्ति को पता होना चाहिए कि जो गारंटी कार्ड उसे मिल रहा है उससे उस व्यक्ति को क्या-क्या लाभ मिलने वाले हैं।

डॉ गरासिया ने कहा की महंगाई राहत केंप में सिर्फ 9 योजनाओं का लाभ ही नही लेवे बल्कि यहां उपस्थित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर अन्य सरकार की महवपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओ में भी पंजीयन करावे।

डॉ गरासिया ने कहा कि सभी व्यक्ति जो यहां उपस्थित है वे अपने आसपास के लोगों को महंगाई राहत कैंपों के बारे में बताएं जिससे अधिक से अधिक लोग इन कैंपों का लाभ उठा सकें। इस दौरान सायरा प्रधान सवा राम गमेती, जिला परिषद सदस्य नरपत सिंह चंपावत, राहत केंप प्रभारी जितेंद्र पांडे, तहसीलदार रविंद्र सिंह चौहान, विकास अधिकारी शैलेंद्र जोशी, युवा कांग्रेस मंडल अध्यक्ष हितेश पालीवाल, मंडल सोशल मीडिया प्रभारी हितेश माली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस पी सिंह द्वारा 4 वर्षीय स्नातक में नामांकन हेतु ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ

## 25 मई से 8 जून तक ₹500 शुल्क के साथ, जबकि 9 से 12 जून तक अतिरिक्त ₹200 विलंब शुल्क के साथ छात्र कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

25 मई से 8 जून तक ₹500 शुल्क के साथ, जबकि 9 से 12 जून तक अतिरिक्त ₹200 विलंब शुल्क के साथ छात्र कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

विश्वविद्यालय मुख्यालय में नामांकन से संबंधित प्रधानाचार्यों एवं नामांकन प्रभारियों का होगा उन्मुखीकरण कार्यक्रम

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति प्रोफेसर सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने राजभवन के अध्यादेश एवं विनियम के अनुसार सीबीसीएस आधारित 4 वर्षीय स्नातक (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठा) में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन के पोर्टल का बटन दबाकर शुभारंभ किया। नामांकन के इच्छुक छात्र बिना विलंब शुल्क के 25 मई से 8 जून, 2023 तक ₹500 शुल्क के साथ आवेदन कर सकेंगे, जबकि विलंब शुल्क के साथ 9 से 12 जून के बीच 500 प्लस 200, कुल ₹700 के साथ आवेदन करेंगे। नामांकन पोर्टल में कॉलेज वाइज विषयों की जानकारी दी गयी है। छात्र अधिकतम पांच कॉलेजों में नामांकन के चॉइस देंगे, जिनका चयन इंटरमीडिएट के अंकों के आधार पर होगा। नामांकन संबंधी ऑनलाइन आवेदन फॉर्म कुल 4 स्टेजों में भरे जाएंगे। किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन प्राप्त करने अथवा शिकायत दर्ज करने हेतु संबंधित छात्र- छात्रा 97718 84350 या 7070100669 नंबर पर कॉल कर सकेंगे। साथ ही admission.lnmu@gmail.co मेल से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




कुलसचिव प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने कहा कि सीबीसीएस के तहत क्रेडिट आधारित 4 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बिहार राज्य में पहली बार शुरू हो रहा है। इसलिए मिथिला विश्वविद्यालय ने नामांकन से लेकर परीक्षा फॉर्म भरने एवं परीक्षा परिणाम की घोषणा होने तक के लिए एक नए पोर्टल का निर्माण किया है, जिसमें इस बात का खास ख्याल रखा गया है कि छात्रों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कुलसचिव ने बताया कि मिथिला विश्वविद्यालय में एक नया प्रयोग भी किया जा रहा है कि पूर्व में जहां छात्रों को अलग- अलग वर्ग क्रमांक, पंजीयन संख्या तथा परीक्षा क्रमांक दिए जाते थे, वहीं इस बार पूरे सत्र के लिए छात्रों को एक ही यूनिक आईडी दिया जाएगा, जिससे उनकी अधिकांश समस्याओं का निदान स्वतः हो जाएगा।

डीएसडब्ल्यू प्रो विजय कुमार यादव ने बताया कि शीघ्र ही सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं नामांकन प्रभारियों का विश्वविद्यालय मुख्यालय में नामांकन संबंधी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर डा अवनि रंजन सिंह, प्रो.अशोक कुमार मेहता, डा आर एन चौरसिया, सैयद मो जमाल अशरफ तथा अमरेश कुमार झा आदि भी उपस्थित थे।

# CSDS-NDTV के सर्वे में FAIL मोदी सरकार




## कांग्रेस पार्टी के साथियों साथ साथ महागठबंधन के साथियों को बुलाकर सम्मानित किया

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

कुर्था विधानसभा क्षेत्र के नसीरना गांव में नवल किशोर सिंह कांग्रेस नेता हैदराबाद जिन का पैतृक गांव नसीब ना है वह अपने गांव में अखंड कीर्तन के समापन समारोह में अपनी कांग्रेस पार्टी के साथियों साथ साथ महागठबंधन के साथियों को बुलाकर सम्मानित किया मैं आदरणीय नवल किशोर सिंह जी को कुर्था प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देता



# लोकतांत्रिक मूल्यों को मिटा रही मोदी सरकार




**संवाददाता । कांग्रेस दर्पण**

लोकतंत्र भारत की आत्मा है और संसद इस लोकतंत्र की। लोकतंत्र में संसदीय गरिमा को बनाए रखने की जिम्मेदारी चुनी हुई सरकार की होती है। मगर यह दुर्भाग्य है कि मौजूदा मोदी सरकार इस गरिमा को तार-तार करने पर उतारू है।

नई संसद के उद्घाटन कार्यक्रम से राष्ट्रपति को अलग रखना मोदी सरकार की लोकतंत्र के प्रति कुत्सित मानसिकता को उजागर करता है। जबकि संविधान में यह बात स्पष्ट रूप से लिखी हुई है कि राष्ट्रपति संसद का अभिन्न अंग होता है। राष्ट्रपति के बिना संसद कार्य नहीं कर सकती। फिर भी राष्ट्रपति को दरकिनार करते हुए प्रधानमंत्री ने संसद के उद्घाटन का निर्णय लिया है। यह जितना शर्मनाक है, उससे अधिक लोकतंत्र के लिए खतरनाक।

सबसे बड़ी बात कि महामहिम राष्ट्रपति को इस कार्यक्रम में बुलाया तक नहीं गया है।

एक लोकतंत्र में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार का लोकतंत्र पर इस तरह का प्रहार बताता है कि सरकार के भीतर किस कदर अहंकार व्याप्त है। जबकि सरकार को पता होना चाहिए कि संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, संवैधानिक मूल्यों से बनती है। मोदी सरकार की इस असंवैधानिक करतूत का विरोध आज संविधान में आस्था रखने वाले देश के हर राजनीतिक दल कर रहे हैं।

यह हमारे संविधान की खूबसूरती है कि वंचित-आदिवासी तबके की एक महिला देश के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं। महामहिम द्रौपदी मुर्मू जी हमारे देश की संवैधानिक प्रमुख हैं। मगर निरंकुश मोदी सरकार द्वारा उनका अपमान किया जाना देश का अपमान है।

इस देश के 140 करोड़ नागरिक यह जानना चाहते हैं कि भारत के राष्ट्रपति से संसद भवन के उद्घाटन का हक़ छीनकर मोदी जी क्या साबित करना चाहते हैं?

आपको याद होगा कि इसी तरह जब भवन का शिलान्यास हुआ तो दलित समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले तत्कालीन महामहिम रामनाथ कोविंद जी को भी नहीं बुलाया गया।

अपनी करतूतों से मोदी सरकार ने न सिर्फ देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद और लोकतंत्र का अपमान किया है, बल्कि संपूर्ण दलित-आदिवासी समाज को भी अपमानित किया है।

लोकतंत्र और संविधान में विश्वास रखने वाले इस देश की लोकतांत्रिक जनता सरकार की निरंकुशता को कभी माफ नहीं करेगी।

# कांग्रेस मॉडल देशभर के सभी राज्यों में लागू हो : प्रो मिठू

**संवाददाता । कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, श्रवण पासवान, प्रद्युम्न दुबे, बलिराम शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, मो समद, असरफ इमाम, डा मदन कुमार सिन्हा, प्रो विश्वनाथ कुमार, बिपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, अशोक राम, आदि ने कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने जिन सात घोषणाओं को चुनावी मैनिफेस्टो में लाया गया था, उसे सरकार के गठन के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में पास कर लागू करने से वहां की महान जनता में हर्ष व्याप्त है।

नेताओ ने कहा अब इस सभी सात गारंटी योजना जिसमे पहला सभी घरों में 200 यूनिट बिजली फ्री, दूसरा प्रत्येक घर के महिला प्रमुख को 2000 ₹ प्रति माह, तीसरा बी पी एल परिवार को प्रतिमाह 10 किलो चावल, चौथा बेरोजगार ग्रेजुएट युवाओं को 3000₹ प्रतिमाह , पाचवां बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1500₹ प्रतिमाह, छुठ्ठा माताओं, बहनों को बस में सफर फ्री, सातवां सरकारी कर्मचारियों का पुराना पेंशन लागू करना शामिल है।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी सहित सभी विपक्षी दलों ने इन सात गारंटी योजना को समय की मांग बताते हुए गरीब, मध्यवर्गीय परिवार के लिए संजीवनी सिद्ध होगा।

नेताओ ने कहा की कांग्रेस शाशित कर्नाटक , हिमाचल, छत्तीसगढ़, राजस्थान में सभी ज्वलंत जन समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत है, जिसका अनुकरण दूसरे राज्यो की भी सरकारें कर रही है।

नेताओ ने कहा की आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस पार्टी की सात गारंटी योजना ( कांग्रेस मॉडल ) को चुनावी मैनिफेस्टो में शामिल रखेगी।

भवदीय
विजय कुमार मिठू



# अखिलेश बाबू ने माटी के लाल व वंचित शोषित और सभी कांग्रेस जनों की आवाज गप्पू राय को बनाया जिलाध्यक्ष : आशीष सिंह

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

महात्मा गांधी की कर्मभूमि कांग्रेस पार्टी की मजबूत धरती रही चंपारण पर आज केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा पूर्वी चंपारण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति हुई है जो अपने आप में एक क्रांति है विगत दो दशक के बाद एक नए अध्यक्ष का चयन किया गया है माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के नेतृत्व में एक ऐसे कर्मठ और ऊर्जावान शख्सियत समाजसेवी को यह पद देना जोकि गांधीजी के भूमि को उस दौर वाली कांग्रेस जैसे मजबूत और पुनर्जीवित करने का दायित्व गप्पू राय जी को दिया है वह बहुत ही प्रशंसनीय और बधाई के योग्य है आज पूरे जिले भर में पूर्वी चंपारण के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंड लोकसभा विधानसभा के क्षेत्र में एक ऐसी खुशी आ गई है।



जैसे अखिलेश बाबू ने जिला कांग्रेस कमिटी को एक ऐसी बूटी दे दी है जो कांग्रेस को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित चंपारण की माटी के लिए सैदव तत्पर दिखाई देते रहते हैं यह कहना कतई गलत नहीं होगा कि श्री राम के हनुमान है गप्पू रायकआशीष सिंह जी ने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह जी के द्वारा यह लिया गया निर्णय उन सभी मजलूम वंचित शोषित दबे कुचले समाज के हर एक उस वर्ग की आवाज का नाम है गप्पू राय को अध्यक्ष बनाया है जिसके लिए उनको ढेर सारी बधाइयां पूरे जिले की तरफ से और मैं अपनी तरफ से उनको बहुत सारी बधाइयां और शुभकामनाएं देता हूं कि उन्होंने बिहार के तमाम जिलों में जो अध्यक्ष बनाया है वह कहीं ना कहीं पूरे बिहार में एक नया आयाम स्थापित करेगी और कांग्रेस को मजबूत व संगठित करेगी क

आपको बताते चलें कि पूर्वी चंपारण जिला परिषद के अध्यक्ष के रूप में उनकी जीवनसंगिनी ममता राय जी कार्यभार संभाल रही है और विगत कई वर्षों से दोनों ही लोग चंपारण की माटी के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर चुके हैं जिस तरीके से एक दशक से ऊपर तक एक ऐसी विचारधारा पूर्वी चंपारण पर हावी है जो उसके विकास के लिए बाधा बन रही है अब कांग्रेस का नया रूप व स्वरूप जिले को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा साथ ही बिहार के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान निभाकर चंपारण की खोई हुई गरिमा को स्थापित कर फिर से भारत के मानचित्र पर चंपारण की अहमियत दिखनी शुरू हो जाएगी आज गप्पू राय जी के मोतिहारी डाकबंगला स्थित आवास पर सम्मान समारोह सह प्रेस वार्ता में जिलेभर से आए कांग्रेसियों ने को बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की इस दौरान जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी संजीव सिंह उर्फ टुन्नी सिंह जी अधिवक्ता व जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पवन कुमार सिंह जी मुमताज अहमद जी बरकत खान जी धनंजय तिवारी जी हुआ पूर्वी चंपारण के सभी जिला पार्षद गण ०सभी कांग्रेस जन उपस्थित रहे क